भिलाई निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

भिलाईनगर। विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ वार्ड 1 खम्हरिया में गाजे बाजे के साथ प्रवेश किये डिजिटल वाहन का फिता काटकर तथा भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन , महापौर नीरज पाल, निगम सभापति गिरवर बंटी साहू , सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,पार्षद मुकेश कुमार अग्रवाल, आयुक्त रोहित व्यास ने किया और नागरिको को भारत को विकसित एवं समृद्व राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलवाया। शिविर स्थल पर 658 नागरिको ने अपना पंजीयन करवाकर विभिन्न योजनाओं से अवगत होकर फार्म भरे एवं सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत निगम के विभिन्न क्षेत्र में लगने वाले शिविर का प्रथम आयोजन खम्हरिया में दीनदयाल उपाध्याय कालोनी के सामने मैदान में किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना , स्वनिधि योजना, राशन कार्ड, उज्जवला योजना, विश्वकर्मा योजना , महिला एवं बाल विकास , जिला स्वास्थ्य विभाग , आधार कार्ड , पेंशन योजना , मुद्रा लोन , आयुष्मान कार्ड आदि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के स्टाल लगाये गये। जहा॔ क्षेत्र के लोगो ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और योजना के बारे में जानकारी प्राप्त कर अपनी आवश्यकता के अनुसार फार्म भी भरें। *मेरी कहानी मेरी जुबानी* शिविर मे प्रधानमंत्री आवास योजना के विभिन्न घटक से लाभन्वित हुए हीरालाल नागवानी , रमेश साहू, दिलीप यादव, मिश्री लाल, ललीत तांडी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के योगिता साहू , तारा कामले, मुकेश कुमार साहू, डोमन लाल साहू, कालिया ताँडी तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में भाना बाई एवं भारती ने बताया की किस तरह उन्होने योजना से लाभन्वित होने अधिकारियों से सम्पर्क कर लाभ लिया। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा मंजरी डोंगरे , नीतू यादव की स्थल पर गोद भराई किया गया , उसी प्रकार सुपोषित बच्चे चुनमुन यादव, सनमिता डोंगरे को सुपोषण किट प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत योजना से लाभान्वित ईश्वर साहू एवं पी.सी. घोष ने बताया कि टी.बी. जैसे बिमारी से लड़ने में शासन किस तरह उनका ध्यान रखरकर उसे रोग से मुक्त किया इन सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। 22 दिसम्बर से प्रारंभ विकसित भारत संकल्प यात्रा का यह शिविर लगातार निगम के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किया जाना है , जिसमें निगम क्षेत्र के नागरिक शिविर में उपस्थित होकर लाभ उठा सकते है यह शिविर लगातार 3 जनवरी तक लगाया जायेगा। शिविर स्थल पर केन्द्र शासन द्वारा भेजे गये डिजिटल वाहन में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी तथा स्थल पर योजनाओ से संबंधित पोस्टर, कैलेण्डर एवं पुस्तक का वितरण भी किया जा रहा है। आज के इस शिविर में 2276नागरिको ने अपना पंजीयन करवाया तथा विभिन्न योजनाओ में 658 लोगो ने आवेदन भरकर जमा किये। विकसित भारत संकल्प यात्रा के डिजिटल बस का अगला पड़ाव शनिवार को कोसानगर सांस्कृतिक मंच में प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से संजय नगर दशहरा मैदान में शिविर आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , शिविर के नोडल प्रीति सिंह , जिला चिकित्सा विभाग के डा॓. पोयाम , महिला एवं बाल विकास के प्ररियोजना अधिकारी , जोन आयुक्त , कार्यपालन अभियंता , स्वास्थ्य अधिकारी , उपअभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।